Title: Need to provide more facilities at Bettiah railway station in Bihar-Laid.

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बैतिया रेलवे स्टेशन पर आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। बैतिया पश्चिम चम्पारण का मुख्यालय भी है। इसको आदर्श स्टेशन बनाये जाने हेतु कई सालों से मांग बराबर होती रही है। बैतिया रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा की कमियों को देखते हुए बैतिया रेलवे स्टेशन को शीघ्र आदर्श रेलवे स्टेशन बनाया जाये। साथ ही लोगों को स्टेशन पर इस पार एवं उस पार जाने हेतु कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण एक उपरिपूल बनाये जाने की आवश्यकता है। इसी स्टेशन पर एक दूसरा प्लेटफार्म बनाये जाने की आवश्यकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बैतिया रेलवे स्टेशन को चन्द आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में स्वीकृति दी जाये एवं दूसरा प्लेठफार्म शीघ्र बनाया जाये। साथ ही साथ इसी रेलवे स्टेशन पर एक उपिरपूल का निर्माण किया जाये।